# आई.ई.टी. के विद्यार्थियों ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में प्रथम पुरस्कार जीत कर लहराया अलवर का परचम

अलवर(का.सं.)। मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी मे भारत सरकार द्वारा स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन 2020 का आयोजन 1 अगस्त से 3 अगस्त तक किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। जिसमें विभिन्न सरकारी विभागो के द्वारा समस्याएं उपलब्ध कराई गई थी। इस वर्ष सी.बी.एस.ई के द्वारा दी गई समस्या 'परीक्षा के दौरान नकल को कैसे रोके'? का समाधान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी अलवर (राजस्थान) ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन समन्वयक प्रो0 अनिल राव एवं मैन्टर प्रो0 कपिल शर्मा के कुषल मार्गदर्षन में विद्यार्थियों की टीम लीडर सामिया खान एवम् टीम के सदस्यों छत्रपाल प्रजापत, अमन प्रीत सिंह, गजल शर्मा, अर्पित शर्मा, भूपेन्द्र सैनी के द्वारा किया गया। जिसमे उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त करके कॉलेज और माता पिता का नाम रोशन किया। प्रोत्साहन राशि के रूप में उन्हें भारत सरकार द्वारा एक लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत सीसीटीवी फुटेज पर ऑब्जेक्ट, ह्यूमन एंड मोशन डिटेक्शन, फेस रिकग्निशन, नॉइज एनालिसिस, स्टूडेंट आइडेंटिफिकेशन एल्गोरिदम को इम्प्रेसलाइजेशन, फ्रॉड चीटिंग, वॉयस चीटिंग, स्टूडेंट मूवमेंट चीटिंग आदि के लिए रियल टाइम पर अप्लाई किया जाता है, फिर मोबाइल ऐप के जरिए नोटिफिकेशन एग्जामिनेटर को भेजा जाता है।

नकल होने पर अलर्ट आना और नकल के समय के फोटो और वीडियो क्लिप को सेव करने के लिए यह सॉफ्टवेयर बनाया गया है। प्रमाण के लिए, नकल के समय के फोटो या वीडियो क्लिप सर्वर पर सहेजे जाते हैं और इनविजिलेटर के साथ साझा किए जाते है। सभी धोखा प्रविष्टियों को डेटाबेस में सहेजा जाता है। कम आवश्यकताओं और अधिक सटीकता के साथ ऑफलाइन या ऑनलाइन परीक्षा मोड में इस सिस्टम का उपयोग किया जा सकता है। विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता के लिए आई.ई.टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ0 वी.के. अग्रवाल, कार्यकारी निदेशिका डॉ0 मंजू अग्रवाल, निदेशक इन्जि. दीपकमल अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अनिल कुमार शर्मा ने बधाई संदेश प्रेषित्त किया।

विद्यार्थियों की इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए आई.ई.टी. कॉलेज़ द्वारा प्रदान किये गये विभिन्न संसाधनों एवं प्रेरणात्मक दिशा निर्देशों का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर आई.ई.टी. के कंम्प्युटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ0 रोहित कुमार सिंघल एवं अन्य विभागाध्यक्षों, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सफल विद्यार्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

**एजुकेशन प्लस...**

## आईईटी के विद्यार्थियों ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में जीता प्रथम पुरस्कार

अलवर| एमआईए स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2020 का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी विभागों की ओर से समस्याएं उपलब्ध कराई गई। इस वर्ष सीबीएसई की ओर से परीक्षा में नकल को कैसे रोके? का समाधान आईईटी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के समन्वयक प्रो. अनिल राव एवं मैन्टर प्रो. कपिल शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया। इसमें टीम लीडर सामिया खान एवं सदस्य छत्रपाल प्रजापत, अमनप्रीत सिंह, गजल शर्मा, अर्पित शर्मा, भूपेन्द्र सैनी शामिल रहे, जिन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। प्रोत्साहन राशि के रूप में क़ेन्द्र सरकार की ओर से एक लाख रुपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत सीसीटीवी फुटेज, ऑब्जेक्ट, ह्यूमन एंड मोशन डिटेक्शन, फेस रिकग्निशन, नॉइज एनालिसिस, स्टूडेंट आइडेंटिफिकेशन एल्गोरिदम को इज्प्रेसलाइइजेशन, फ्रॉड चीटिंग, वॉयस चीटिंग, स्टूडेंट मूवमेंट चीटिंग आदि के लिए रियल टाइम पर अप्लाई किया जाता है, फिर मोबाइल एप के जरिए नोटिफिकेशन एग्जामिनेटर को भेजा जाता है। नकल होने पर अलर्ट आना और नकल के समय के फोटो और वीडियो क्लिप को सेव करने के लिए यह सॉफ्टवेयर बनाया गया है। ऑफलाइन या ऑनलाइन परीक्षा मोड में इस सिस्टम का उपयोग किया जा सकता है। आईईटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. वीके अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक डॉ. मंजू अग्रवाल, निदेशक दीपकमल अग्रवाल व प्राचार्य अनिल शर्मा ने बधाई दी है।

## प्रथम पुरस्कार जीता

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**अलवर.** मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के विद्यार्थियों ने भारत सरकार की ओर से स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में प्रथम स्थान पाया है। इस वर्ष सी.बी.एस.ई की ओर से समस्या परीक्षा के दौरान नकल को कैसे रोके का समाधान इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन समन्वयक प्रो. अनिल राव एवं मैन्टर प्रो. कपिल शर्मा के निर्देशन में विद्यार्थियों की टीम लीडर सामिया खान व उनकी टीम के सदस्य छत्रपाल प्रजापत, अमन प्रीत सिंह, गजल शर्मा, अर्पित शर्मा, भूपेन्द्र सैनी ने किया। प्रोत्साहन राशि के रूप में उन्हें भारत सरकार की ओर से एक लाख रूपए का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस पर आई.ई.टी. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. वी. के. अग्रवाल ने खुशी जताई है।